20/11/20..

Date :

# संविधान दिवस सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 25/11/2023 को संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना इस अवसर पर संविधान के प्रस्तावना वाचन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

उक्त कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक गण अतिथि प्राध्यापक छात्र/छात्राओं की उपस्थिति अपेक्षित है।

कार्यक्रम प्रभारी
मनोज कुमार

प्राचार्य
प्राचार्य
शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा
जिला - बालोद (छ.ग.)

शहीद दुर्वासा निषाद शास. महा., अर्जुन्दा
जिला- बालोद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

25/11/2023

PAGE: 16
Date:

# संविधान दिवस प्रतिवेदन

आज 25/11/2023 को महाविद्यालय में संविधान दिवस 25/11/2023 को दिन शनिवार को मनाया गया। कार्यक्रम में संविधान का प्रस्तावना वाचन किया गया साथ हि महाविद्यालय के छात्र/छात्राओ द्वारा संविधान के महत्ता के उपर विचार व्यक्त किया गया उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं एवं प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम प्रभारी


प्राचार्य

प्र. प्राचार्य
शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा
जिला - बालोद (छ.ग.)

शहीद दुर्वासा निषाद शास. महा. अर्जुन्दा जिला - बालोद (छ.ग.)

**Constitution Day 2023**




प्र. प्राचार्य
शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा
जिला - बालोद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 27-11-2023

# संविधान दिवस पर प्रस्तावना व उद्देशिका को पढ़कर सुनाया





डौंडीलोहारा. संविधान दिवस मनाते कॉलेज के रासेयो के स्टूडेंट्स।

भास्कर न्यूज | डौंडीलोहारा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय कॉलेज अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने संविधान दिवस पर भारतीय संविधान के प्रस्तावना और उद्देशिका को पढ़ा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति ने संविधान के प्रस्तावना और उद्देशिका, मौलिक अधिकार, कर्तव्य के महत्व और योगदान के बारे में स्वयंसेवकों को बताया। अतिथि व्याख्याता मनोज कुमार साहू ने स्वयंसेवकों को भारतीय संविधान की आत्मा कहे जाने वाले प्रस्तावना और उद्देशिका और 26 नवंबर 1949 को संविधान बनकर तैयार हो गया। लेकिन 26 जनवरी 1950 को संविधान को क्यूं लागू किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन, सुदर्शन साहू, जीवन भुआर्य, शुभम देशमुख, खगेश साहू, हेमचंद भारती, चंदन सिंह, ओमप्रकाश साहू, खोमन ठाकुर, प्रीति सोनकर, ममता साहू, रेणुका कांशी आदि मौजूद थे।

# संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर मनाया संविधान दिवस




**अर्जुन्दा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस पर भारतीय संविधान के प्रस्तावना और उद्देशिका का वाचन कर संविधान दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति ने संविधान के प्रस्तावना और उद्देशिका , मौलिक अधिकार, कर्तव्य के महत्व और योगदान के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तारपूर्वक बताया वहीं व्याख्याता मनोज कुमार साहू ने स्वयंसेवकों को भारतीय संविधान की आत्मा कहे जाने वाले प्रस्तावना और उद्देशिका और 26 जनवरी 1950 को संविधान को क्यूं लागू किया गया के कारण को बताया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं सेवकों को संविधान के प्रस्तावना का वाचन कराया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन, सुदर्शन साहू, जीवन भुआर्य, शुभम देशमुख, खगेश साहू, हेमचंद भारती, चंदन सिंह, ओमप्रकाश साहू, खोमन ठाकुर, प्रीति सोनकर, ममता साहू , रेणुका कांशी, रेशमी कुरें, दिव्या पटेल, रागिनी साहू, रूपाली चौधरी, यामिनी देवांगन, प्राध्यापक त्रिदेव उपस्थित थे।

शहीद दुर्वासा निषाद शास. महा. अर्जुन्दा जिला-बालोद (छ.ग.)

प्र. प्राचार्य
शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा
जिला - बालोद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

**Voter Awareness program 2023-24**

**17 नवंबर को मतदान करने भेंट किया निमंत्रण पत्र**

# छात्र छात्राओं ने कहा हम मतदान करने 100% तैयार




**बालोद।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में बालोद जिले के ब्रांड एंबेसडर विरेन्द्र सिंह द्वारा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको व छात्र छात्राओं को 100% मतदान करने के लिए जागरूक और प्रेरित करने के लिए छात्र छात्राओं को फलदार पौधे और 17 नवम्बर मतदान करने के लिए निमंत्रण पत्र भेंट कर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन ने कहा हम खुद मतदान करने और अपने परिवार को भी मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक करेंगे। मतदान करना हम सब का अधिकार है। आगामी 17 नवम्बर को लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार है जिसमें हम सब की भागीदारी अतिआवश्यक है जिससे देश के विकास और उन्नति में नया बदलाव आएगा। इस बार छात्र छात्राओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह है और कई छात्र छात्राएं प्रथम बार अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिले के विभिन्न गांवों और स्कूल, कालेज के छात्र छात्राओं को मतदान करने कर रहे जागरूक

ब्रांड एंबेसडर विरेन्द्र सिंह द्वारा विगत कई महीनों से मतदान के लिए जिले के विभिन्न गांवों और स्कूल कालेज में लोगों व छात्र छात्राओं को अपने मताधिकार का 100% प्रयोग करने के लिए जागरूक और प्रेरित कर रहे हैं साथ ही स्वयं के पैसे से उन्हें पौधे, दीप भी बांट रहे हैं। कार्यक्रम में स्वयंसेवक सुदर्शन साहू, राजन प्रजापति, हेमंत टंडन, खोमनलाल शिरमौर, चंदन कुमार, प्रीति सोनकर, ममता साहू, रेणुका कांशी, रेशमी कुर्रे, दिव्या पटेल, खुशबू ठाकुर, भारती खरे, उपस्थित थे।

# लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह

**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अर्जुन्दा के स्वयंसेवकों**

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के अनुरूप विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत् जिले के समस्त मतदान केंद्रों में 17 नवंबर को विभिन्न महाविद्यालय के पंजीकृत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइ के स्वयंसेवक जिले के विभिन्न मतदान केंद्र के अंतर्गत शामिल दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सेवा के लिए मतदाता मित्र के रूप में स्वयंसेवको ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 54 स्वयंसेवकों ने अपने अपने गांव के मतदान केंद्रों पर मतदाता मित्र के रूप में अपनी सेवा दी गई।



**असहाय, दिव्यांग, विकलांग और बुजुर्ग, वृद्ध मतदाताओं को मतदान केन्द्र में पहुंचाने में विशेष योगदान रहा**

शारीरिक रूप से कमजोर और अक्षम और दिव्यांग, विकलांग, वृद्ध मतदाताओं और गर्भवती महिला मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर पहुंचाने और उनकी सुरक्षा और सहायता प्रदान करने में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको ने निस्वार्थ भाव से सेवा प्रदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन और यामिनी देवांगन ने अपने ग्राम डुडिया के मतदान केंद्र में सेवा दी।

वहीं मोहित यादव मतदान केन्द्र - परसवानी , वैभव देशमुख, गुलाकांत सिन्हा मतदान केन्द्र- परसतराई, भारती खरे मतदान केन्द्र- डुण्डेरा, जानवी सारथी मतदान केन्द्र -अर्जुन्दा, खिलेश्वर साहू मतदान केंद्र-बीजाभांटा, सौरभ साहू मतदान केंद्र-सिब्दी, ईशा साहू मतदान केंद्र- बासीन, अनुसुइया पुरेन्द्र मतदान केन्द्र - भरदाकला, अनिरुद्ध नायक मतदान केन्द्र- मुड़खुसरा, भूमिका साहू मतदान केन्द्र- भिलाई, शीतल यादव मतदान केन्द्र चिचलगोंदी,खोमनलाल ठाकुर मतदान केन्द्र कठिया, खुशबू धनकर मतदान केन्द्र - खामभाट, रौनक कुमार सिन्हा मतदान केन्द्र - मुड़िया, केशव निषाद, गजेन्द्र कुमार देवांगन मतदान केन्द्र - गुरेदा, केसरी मतदान केन्द्र - खुरसुनी, कोमल सोनकर मतदान केन्द्र - नाहंदा, इंद्राणी सिन्हा मतदान केन्द्र - झीका, अमन यादव मतदान केन्द्र - धनगांव, होमेश साहू मतदान केंद्र- बोरगहन इन सभी मतदाता मित्रों ने अपने अपने गांव के मतदान केंद्रों पर अपनी भूमिका निभाई।

जिला- बालोद (छ.ग.)

प्र. प्राचार्य
शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा
जिला - बालोद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner